पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'हिस्से मेरी जिन्दगी के' का उद्घाटन किया

छाया चित्र में शब्दों से ज्यादा शक्ति होती है - राज्यपाल

लखनऊः 31 मार्च, 2019

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज ललित कला अकादमी, अलीगंज, लखनऊ में श्रीमती प्रिया कुमार की फोटोग्राफी प्रदर्शनी 'हिस्से मेरी जिन्दगी के' का उद्घाटन किया। श्रीमती प्रिया कुमार स्वयं भारतीय सूचना सेवा की अधिकारी हैं तथा पूर्व राज्यपाल झारखण्ड एवं पूर्व कैबिनेट सचिव श्री प्रभात कुमार की पुत्री एवं अपर पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) श्री आनन्द कुमार की पत्नी हैं। इस अवसर पर पूर्व राज्यपाल झारखण्ड एवं पूर्व कैबिनेट सचिव श्री प्रभात कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, अपर मुख्य सचिव पर्यटन एवं सूचना श्री अवनीश अवस्थी व अन्य विशिष्टजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने उद्घाटन के उपरान्त अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फोटोग्राफी संचार का एक सशक्त माध्यम है। अक्सर लोग कहते हैं कि जहां न पहुंचे रवि वहां पहुंचे कवि। यह बात छाया चित्रकार के लिए भी उतनी ही प्रासंगिक है। फोटोग्राफी में सही क्षण पकड़ना ही फोटोग्राफर का कमाल है। जो हजार शब्दों में नहीं कहा जा सकता, वह एक फोटो कह सकती है। उन्होंने कहा कि छाया चित्र में शब्दों से ज्यादा शक्ति होती है।

श्री नाईक ने कहा कि आज का युग डिजिटल और टेक्नोलाॅजी का युग है। वर्ष 2018 के एक सर्वेक्षण के अनुसार 74 करोड़ लोग मोेबाइल फोन का प्रयोग करते हैं। विश्व में जितने लोग मोबाइल फोन का प्रयोग करते हैं, उसमें ज्यादातर लोग फोटो खींचते हैं। आज के दौर में सेल्फी का भी अपना एक आनन्द है पर कभी-कभी यह परेशानी का सबब भी बनता है। उन्होंने दृश्य प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि नये फोटोग्राफरों को प्रदर्शनी के माध्यम से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि देश में लोक सभा चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। संविधान ने भारत के सभी 18 वर्ष के नागरिक को मतदान का अधिकार दिया है। मतदान के अधिकार का प्रयोग करते हुए सभी मतदाता मतदान अवश्य करें। चुनाव मतदाता के मतदान की भागीदारी से ही सम्पन्न होते हैं। ऐसे समय में मतदान सर्वश्रेष्ठ दान है। मतदान सबसे बड़ा राष्ट्रधर्म है। उन्होंने कहा कि लोकसभा 2019 के चुनाव में सबसे अधिक मत प्रतिशत वाले लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, वार्ड एवं मतदान केन्द्र तथा सर्वाधित मत प्रतिशत वाले केन्द्र से जुड़े लोगों का राजभवन में सत्कार किया जायेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सबसे ज्यादा मतदान का मानक प्रतिशत होगा, संख्या नहीं क्योंकि सभी लोकसभा क्षेत्र में मतदाता संख्या समान नहीं होती है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि प्रदेश में मतदान से जुड़ी 10 बेहतरीन फोटोग्राफ खींचने वाले 10 फोटोग्राफरों का भी सम्मान किया जायेगा। 10 बेहतरीन फोटोग्राफ का चयन प्रदेश के सूचना विभाग द्वारा किया जायेगा।

कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन संयोजिका श्रीमती प्रिया कुमार द्वारा दिया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री प्रभात कुमार ने किया।

अंजुम/दिलशाद/राजभवन (124/39)